मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : enammpsamb@gmail.com Tel. : 0755-2554076

क्रमांक / बोर्ड / रा0कृ0बा0 / 2018–19 / ई–12 / 22 भोपाल, दिनांक–24 / 04 / 2019

प्रति,

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति ........................... (समस्त)
जिला – ....................................... (म0प्र0)

विषयः– ''राष्ट्रीय कृषि बाजार'' (e-NAM) की समीक्षा बैठक के सम्बन्ध में।

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि संयुक्त सचिव भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, नई–दिल्ली की उपस्थिति में प्रबंध संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड की अध्यक्षता में ''राष्ट्रीय कृषि बाजार'' (e-NAM) की समीक्षा बैठक दिनांक 18.04.2019 दिन गुरूवार को मण्डी बोर्ड मुख्यालय के सभाकक्ष में प्रातः 10.00 बजे आयोजित की गई है।

बैठक की कार्यवाही विवरणी इस पत्र के संलग्न कर आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। कार्यवाही विवरणी के संबंध में पालन प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करें।

संलग्न – कार्यवाही विवरणी।

(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

24/04/19

संयुकत संचालक(ई–नेम)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बोर्ड / रा0कृ0बा0 / 2018–19 / ई–12 / 23 भोपाल, दिनांक–24 / 04 / 2019

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. संयुक्त सचिव भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई–दिल्ली।
2. प्रबंध संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
3. संयुक्त / उप संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय .................. (समस्त)
4. श्री मनोज कुमार रीजनल हेड DMI भोपाल।
5. श्री मनीष माथुर संभाग प्रमुख आई.सी.आई.सी.आई. बैंक भोपाल की ओर सूचनार्थ।
6. श्री मनीष बादल स्टेट क्वार्डिनेटर N.F.C.L. की ओर सूचनार्थ।

संलग्न – कार्यवाही विवरणी।

24/04/19

संयुक्त संचालक(ई–नेम)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

म0 प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स,किसान भवन, जेल रोड भोपाल
Website : www.mpmandiboard.co.in E-mail : enammpsamb@gmail.com Tel. : 0755-2554076

कार्यवाही विवरणी :–

विषयः– राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (e-NAM) की समीक्षा बैठक के सम्बन्ध में |

––00––

श्री पी.के.स्वाई संयुक्त सचिव भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय , नई-दिल्ली, की उपस्थिति में श्री फैज़ अहमद किदवई प्रबंध संचालक, म0प्र0, राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल की अध्यक्षता में दिनांक 18.04.2019 दिन गुरुवार को प्रातः 10:00 बजे मंडी बोर्ड मुख्यालय के सभाकक्ष में "राष्ट्रीय कृषि बाज़ार" (e-NAM) की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी | बैठक में संयुक्त संचालक (ई-नाम), म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय , समस्त मंडी सचिव, विपणन एवं निरिक्षण निदेशालय (DMI) फरीदाबाद/भोपाल, SFAC नई दिल्ली, NFCL हैदराबाद/भोपाल एवं ICICI बैंक अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुए | बैठक में म0प्र0 की मंडियों की ई-नाम पोर्टल पर प्रगति की समीक्षा की गयी |

1. सर्वप्रथम प्रबंध संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारीयों/कर्मचारियों का उदबोधन किया गया |
2. संयुक्त सचिव महोदय द्वारा "राष्ट्रीय कृषि बाज़ार" योजना प्रारंभ दिनांक से वर्तमान स्थिति तक योजना की कार्य प्रणाली की जानकारी देते हुए इस योजना के सफल क्रियान्वयन उत्तरोत्तर प्रगति किये जाने हेतु संबंधितों को निर्देश दिए गएकि तेलंगाना राज्य की निज़ामाबाद मंडी द्वारा किये जा रहे कार्य जिसमे गेट एंट्री के समय क्लीनिंग, पैकेजिंग की व्यवस्था तथा कृषको एवं व्यापारियों को संपूर्ण सुविधाएं देने के साथ साथ इसके द्वारा ई-नाम प्रणाली में समय की बचतकरने के लिए उक्त मंडी के अनुरूप कार्य करें |
3. संयुक्त सचिव महोदय द्वारा मध्य प्रदेश राज्य द्वारा e-NAM पोर्टल पर किये जा रहे व्यापार की समीक्षा की गयी | म.प्र. में ई-व्यापार के अंतर्गत कुल ई ट्रेडेड मात्रा 15,14,041 MT रही जिसका ई ट्रेडेड मूल्य 4,60,724 लाख रूपये है , जो देश में ई नाम पोर्टल पर किये गये ई ट्रेड व्यापार का 7% है| ई-व्यापार को राष्ट्रीय स्तर पर 17% से अधिक रखे जाने के निर्देश दिए गए | मंडियों को गेट एंट्री के अनुपात में सेल अग्रीमेंट को 85% से अधिक रखे जाने के निर्देश दिये गये | जिन मंडियों में उक्त प्रतिशत कम रहा उन मंडी सचिवों को अनुपातिक वृद्धि किये जाने के निर्देश दिए गये |
4. संयुक्त सचिव महोदय द्वारा e-NAM पोर्टल पर ऑनलाइन बिडिंग के लिये निर्धारित समय सीमा 30 मिनट से 1-2 घन्टे किये जाने तथा इस का परिक्षण किये जाने के निर्देश दिए गये |
5. राष्ट्रीय स्तर पर पेमेंट गेटवे से कृषक भुगतान की प्रक्रिया में मध्य प्रदेश राज्य का प्रदर्शन सराहनीय रहा तथा पेमेंट गेटवे से कृषक भुगतान में कठिनाई उत्पन्न न हो सके उसके लिए ICICI बैंक के अधिकारीयों को निर्देश दिये गये |
6. संयुक्त सचिव महोदय द्वारा e-NAM पर जिन्सों की असेयिंग की प्रक्रिया तथा 360 एंगल असेयिंग एवं रिपोर्ट में लॉट्स की फोटो भी अपलोड किये जाने हेतु N.F.C.L. को निर्देश दिये गये | जिससे e-NAM पोर्टल पर व्यापारियों द्वारा लॉट्स की फोटो भी देखी जा सके तथा हरियाणा और उत्तर प्रदेश प्रोटोटाइप असेयिंग की जानकारी दी गयी |
7. संयुक्त सचिव महोदय द्वारा ई-नाम पोर्टल पर नये 6 अपडेट(Non e-NAM trade entry, shopping cart, Traders discount, Logistics portal, Invoice mapping, Sale agreement automation, Interstate online trader

registration) की जानकरी दी गयी एवं नये अपडेट के सम्बन्ध में N.F.C.L. को मंडी समितियों में आवश्यक प्रशिक्षण देने तथा ई-वॉलेट का उपयोग मंडी अग्रिम मंडी शुल्क के लिए उपयोग किये जाने के निर्देश दिए गये।

8. संयुक्त सचिव महोदय द्वारा म0 प्र0 की मंडियों में प्रयोगशाला में लगे उपकरणों का DMI के अधिकारीयों को निरिक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही म0 प्र0 की 25 नवीनतम ई-नाम मंडियों में आने वाली समस्त जिन्सों के अनुसार आवश्यक लैब उपकरण उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए।
9. संयुक्त सचिव महोदय द्वारा ई-नाम पोर्टल पर124(90 जिन्स म0 प्र0 में ई-ट्रेड में सम्मिलित हैं ) में से 75 जिन्सों के किये जा रहे व्यापार की समीक्षा की गयी एवं भविष्य में ई-नाम पोर्टल से 124 के :अतिरिक्त जिन्सों को भी जोड़े।
10. ई-नाम पोर्टल पर तौल काँटों के इंटीग्रेशन हेतु ब्लूटूथ के माध्यम से मंडी समितियों में उपलब्ध तौल काँटों को ई-नाम पोर्टल से जोड़े जाकर , प्रक्रिया में कम समय लगने की जानकारी दी गयी।
11. मंडी सचिवों द्वारा ई-नाम पोर्टल पर ऑनलाइन ट्रेडिंग के समय सर्वर डाउन होने की समस्या को प्रमुखता से अवगत कराया गया तथा संयुक्त सचिव महोदय द्वारा उक्त के सम्बन्ध में सर्वर के नये अपडेट के बारे में जानकारी दी गयी।
12. पूर्व प्रस्ताव अनुसार मंडी फीस का एडवांस एवं 14 दिन में मंडी फीस जमा करने के सुझाव दिए गए तथा सुझाव अनुरूप कार्यवाही के लिए N.F.C.L. के अधिकारी / कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। इंटर स्टेट को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।
13. ई-नाम पोर्टल के सम्बन्ध में समस्त मंडी समितियों को संयुक्त सचिव महोदय द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से कृपकों को ई-नाम पोर्टल पर बिक्री के लिए प्रोत्साहित करने हेतु के आवश्यक निर्देश दिए गए।
14. संयुक्त सचिव महोदय द्वारा समस्त मंडी सचिवों को आधारभूत सेवाओं एवं तौल काँटों से सम्बंधित सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने हेतु निर्देश दिए गए। असेयिंग के समय प्रातः काल से प्रारंभ किये जाने के निर्देश दिये जिससे अधिक से अधिक लॉट्स की असेयिंग के उपरांत, भुगतान तक का कार्य सांय 4 बजे से पूर्व किया जा सके।
15. दमोह, महू एवं सिहोरा द्वारा अभी तक कोई ई-पेमेंट नहीं किया गया है ,संयुक्त सचिव महोदय द्वारा उक्त मंडी समितियों को प्राथमिक 3 माह में 25%, आगामी 6 माह और 9 माह में 50% तथा 75% एवं आगामी एक वर्ष में100% ई-पेमेंट करने के निर्देश दिए गए।
16. बैठक में टीकमगढ़ मंडी में किसानो एवं व्यापारियों का व्यवस्थित डाटा बेस तैयार करने के निर्देश दिए गए एवं सागर मंडी में अत्यधिक No Bid होने के कारण N.F.C.L. के अधिकारी/कर्मचारियों को सागर मंडी का दौरा करने तथा 58 ई-नाम मंडियों के समस्त सचिवों के लिए डैशबोर्ड की लॉग इन आई.डी प्रदान करने क निर्देश दिए गए।
17. संयुक्त सचिव महोदय द्वारा किसानो के बैंक खाता क्रमांक एवं मोबाइल नंबर का परिक्षण करने के निर्देश दिए गए तथा ई-ट्रेड की समीक्षा के दौरान इटारसी मंडी में 33% एवं टिमरनी मंडी 51% की कमी की जानकारी दी गयी तथा सम्बंधित सचिवों को ई-नाम पोर्टल पर उच्च प्रदर्शन हेतु निर्देश दिए गए।
18. बैठक क उपरांत N.F.C.L. के अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा e-NAM app के . नये फीचर्स का समस्त सचिवों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मंडी सचिवों द्वारा ई-नाम में आ रही कठिनाइयों से N.F.C.L. के अधिकारी/कर्मचारियों को अवगत कराया गया एवं मंडी का भ्रमण कर कृषक एवं व्यापारी बंधुओं से चर्चा करने हेतु अनुरोध किया गया।

19. संयुक्त सचिव महोदय द्वारा e-NAM पोर्टल पर कार्य के सम्बन्ध में कृषकों एवं व्यापारियों के प्रशिक्षण हेतु N.F.C.L. को निर्देश दिए गये जो की संभवतः निर्वाचन के पश्चात् आयोजित की जाएगी।

20. ऑनलाइन बिडिंग के दौरान कृषको को भाव की जानकारी देखी जाने के सम्बन्ध में टिकर बोर्ड / डिस्प्ले बोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिए।

21. ई नाम पोर्टल पर कृषक पंजीयन हेतु पृथक से मंडी प्रांगण में शिविर लगाये जाकर पंजीयन किये जाने के निर्देश दिए गये।

22. ई नाम योजना में जोड़ी गई 25 मंडियों के मंडी प्रांगण में आने वाली जिन्स एवं जिन्स की मात्रा के अनुसार समस्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गये।

23. ई नाम पोर्टल पर गेट एंट्री से गेट एग्जिट तक की जाने वाली समस्त प्रक्रियाओं के अनुसार समय अंकित करते हुए एक चार्ट बनाये जाने के निर्देश दिए गये।

24. गेट एंट्री के समय मंडी प्रांगण गेट पर असुबिधा होने की स्थिति में कृषक की ट्रालियों को ई नाम ऑक्शन शेड पर लगाई जाकर गेट एंट्री किये जाने के निर्देश किये गये।

25. ई नाम योजना अंतर्गत क्रय किये गये कंप्यूटर उपकरण पुराने होने की स्थिति में नवीन मानक अनुसार कंप्यूटर उपकरण अपडेट कराए जाने हेतु सम्बंधित कर्मचारी / ई नाम प्रभारी को NFCL के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाये जाने के निर्देश दिए गये।

26. स्टेट कोऑर्डिनेटर NFCL एवं उनके तकनीकी सहयोगी की बैठक व्यवस्था मंडी बोर्ड कार्यालय में किये जाने के निर्देश दिए गये है।

बैठक के अंत में संयुक्त सचिव महोदय द्वारा e-NAM पोर्टल पर किये जाने वाले कार्यों को भारत सरकार की निर्देशानुरूप प्रगति किये जाने के निर्देश दिए गए तथा प्रबंध संचालक महोदय द्वारा संयुक्त सचिव महोदय तथा उपस्थित अधिकारीयों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(फैज़ अहमद किदवई) 23/4

आयुक्त सह प्रबंध संचालक

म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड

भोपाल।